




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 30 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 12 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


मामला उर्वरक के भंडारण और विक्रय का...

## एक और व्यापारी पर कार्रवाई

**गरोठ, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। उर्वरक निरीक्षक सह अनुविभागीय कृषि अधिकारी गरोठ द्वारा बताया गया कि राधेश्याम पिता केशरीलाल चौधरी निवासी ग्राम साठखेड़ा बालोदा रोड तहसील गरोठ का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पर राधेश्याम के द्वारा बिना लाईसेन्स के उवर्रको का भण्डारण एवं विक्रय करना पाया गया।**

दुकानदार द्वारा फर्म का संचालन नियम अनुसार नहीं किया जाकर कलाबाजी करना पाया गया। अत: उक्त कृत्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 का उलंघ्धन होने से अपराध होना पाया गया। राधेश्याम के विरूद्ध अपराध धारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3(7) की प्राथमिकी सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।

# गांधी सागर: हैप्पी बर्थ डे इन एडवांस..!

## जन्मदिन के बाद देगा ढाई लाख परिवारों को रिटर्न गिफ्ट



**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिसंबर में गांधी सागर प्रोजेक्ट पर होने वाला काम पूरा होने की उम्मीद है। मतलब ढाई लाख परिवारों के घरों तक गांधी सागर का पानी पहुंचेगा। इसके पहले इसी माह गांधी सागर अपना जन्मदिन बना रहा है। अपने निर्माण के समय एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील गांधीसागर बांध आने वाले शुक्रवार को लगभग 64 साल पूरे करने वाला है। छह साल में बनकर तैयार हुए बांध का भूमिपूजन और लोकार्पण दोनों ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने किए थे। लोकार्पण के लिए पं. नेहरू ने 19 नवंबर 1960 का दिन इंदिरा गांधी का जन्मदिन होने के कारण ही चुना था। गांधीसागर बांध पर बना बिजलीघर अभी अपनी क्षमता से नहीं चल रहा है। इसकी कुल क्षमता 115 मेगावॉट है।

मप्र की प्रमुख चंबल नदी पर बने गांधीसागर बांध में 19 (9 बड़े और 10 छोटे) गेट हैं। बांध से एकसाथ लगभग 5.50 लाख क्यूसेक (क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा सकता है। गांधीसागर बांध से जुड़ी कई बातें तो अब तक लोगों को बताई जा चुकी है। अभी इस नई बात का खुलासा हुआ है कि गांधीसागर बांध का लोकार्पण 19 नवंबर को क्यों हुआ था। दरअसल 19 नवंबर 1960 को लोकार्पण की तारीख तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसलिए तय की थी कि उनकी पुत्री इंदिरा गांधी का जन्मदिन था। बाद में आगे चलकर इंदिरा गांधी भी देश की शक्तिशाली प्रधानमंत्री बनी। मंदसौर जिले से राजस्थान की लगती हुई सीमा के पास ही 7 मार्च 1954 को गांधीसागर बांध की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। यहां 1957 में बिजलीघर का काम शुरू हुआ था। नवंबर 1960 में बिजली उत्पादन और इसका वितरण शुरू हुआ।

### 204 गांव पूरे डूबे, 150 गांव आंशिक डूब में आए...

गांधीसागर बांध और पावर स्टेशन के निर्माण में लगभग 18.40 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। बिजलीघर 65 मीटर लंबा और 56 फीट चौड़ा है। पहले गांधीसागर बांध पर नियमित बिजली उत्पादन होता था। कुछ वर्षों र्से जरूरत होने पर ही बिजली उत्पादिन की जाती थी। वर्ष 2019 में हुई अतिवृष्टिके चलते बांध में क्षमता से ज्यादा पानी आने से वह ऊपर से बिजलीघर में घुस गया था। जिससे इसकी पांचों टरबाइन खराब भी हो गई थी। अब जाकर दो टरबाईन ठीक हुई है। बांध की उंचाई 204 फीट है। निर्माण के दौरान अविभाजित मंदसौर जिले के 204 गांव डूब में आए थे। 150 गांव आंशिक डूब में आए हैं। वहीं रामपुरा को बचाने के लिए रिंगवॉल बनाई गई थी वह भी 2019 की अतिवृष्टिमें क्षतिग्रस्त हो गई थी। रामपुरा के निचले हिस्से में भरे पानी को बाहर निकालने में लगभग 10 दिन लग गए थे।

### 2019 में खतरा बन गया था गांधीसागर बांध, नहीं हुई सीबीआई जांच...

गांधीसागर बांध निर्माण के बाद से कई बार ज्यादा बरसात भी हुई और अनुमान से ज्यादा पानी भी गांधीसागर बांध में आया। किन्तु, सितंबर 2019 में हुई अतिवृष्टि और अधिकारियों की लापरवाही ने गांधीसागर बांध को खतरे के मुंह पर खड़ा कर दिया था। 14-15 सितंबर 2019 की दरमियानी रात में मंदसौर, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, प्रतापगढ़ व नीमच जिले में लगातार हुई बारिश के चलते बांध में पानी की आवक 19 लाख क्यूसेक तक पहुंच गई थी। बांध से पानी निकलने की क्षमता केवल 5.50 क्यूसेक थी। उस समय अधिकारियो ने लापरवाही कर बांध का एक भी गेट नहीं खोला था। जिससे बाधं का बेकवॉटर लगभग 150 गांवों में घुस गया। वहीं नीमच जिले के रामपुरा में भी बांध बनने के बाद पहली बार पानी घुसा, जो काफी दिनों बाद निकला। इधर बांध का जलस्तर 1321 फीट तक पहुंचने के बाद पानी ऊपर से निकलकर बिजलीघर में घुस गया। वहां की सभी टरबाइन भी खराब हो गई है। जिनमें से केवल दो ही सुधर पाई है। इस पूरे मामले में पानी की आवक को देखते हुए समय रहते गेट खोले जाते तो इतना नुकसान नहीं होता और बांध भी सुरक्षित रहता। हालांकि, बांध अभी भी सुरक्षित खड़ा है। लेकिन, इसकी अंदरुनी स्थिति स्पष्ट नहीं है। उस समय इस हादसे की सीबीआई जांच की मांग भी की गई थी। लेकिन, इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

### अधिकारियों को पद्मश्री से किया था सम्मानित...

बांध जल संसाधन विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर एके चाहर, अधीक्षण यंत्री सीएच सांघवी, शिवप्रकाशम इलेक्ट्रिक के मार्गदर्शन में बना था। बांध की गुणवत्ता भी काफी अच्छी थी और यह एशिया में सबसे कम व्यय 18.40 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुआ था। बांध के समय सीमा में पूर्ण होने पर चीफ इंजीनियर चाहर को पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित भी किया गया था। बांध का मॉडल खडग्वासला रिसर्च इंस्टीट्यूट पुणे ने बनाया था।

### बांध को कुछ होता तो बह जाते कोटा व रावतभाटा...

गांधीसागर बांध क्षतिग्रस्त होता तो इससे राजस्थान का प्रमुख शहर कोटा व रावतभाटा पूरी तरह बह जाते। बांध में भरी अथाह जलराशि रावतभाटा के परमाणु बिजलीघर को भी तबाह कर देती। हालांकि उस समय तो प्रदेश में मुख्य सचिव भी इस बात को नकारकर कह रहे थे कि बांध को 1125 फीट तक भरने में कोई खतरा नहीं था। पर उसके एक माह बाद ही जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री हुकुमसिंह कराड़ा ने शाजापुर में स्वीकार किया था कि गांधीसागर बांध के टूटने का खतरा बढ़ गया था।

### चंबल वैली परियोजना के तहत बने थे चार बांध...

महू के पास जानापाव पहाड़ी से निकली चंबल नदी मप्र राजस्थान व उप्र में लगभग 960 किमी का सफर तय कर यमुना नदी में मिलती है। प्रारंभ में मंदसौर जिले में बनने वाले बांध को चंबल घाटी परियोजना नाम दिया गया था। इसे चार चरणों में पूरा किया जाना था। प्रथम चरण में गांधीसागर, दूसरे चरण में रावतभाटा में राणा प्रताप सागर और तीसरे चरण में कोटा के पास जवाहर सागर व चौथे चरण में कोटा बैराज बनाए गए। पहले तीन बांधों से विद्युत उत्पादन और चौथे से सिंचाई का लक्ष्य रखा गया था। कुल मिलाकर इंटरनेशनल कंट्रोल बोर्ड के निर्देशन में मप्र- राजस्थान की धरती को सिंचित करने का भारत विकास प्राधिकरण का यह दूसरा सपना पूरा हुआ।

## गिरने लगा पारा, रात्रि मेंबढ़ने लगी ठिठुरन

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को नवंबर के 11 दिन बीत चुके। आज मंगलवार को माह का 12वां दिन प्रारंभ हो गया है। इस माह के शुरुआत के 5 दिन पारा 30-34 डिग्री के आसपास बना रहा। अभी तक के10 में से आखिरी के 5 दिन कुहासे और कोहरे के कारण नहीं तप सके। 10 दिन में एक भी बार दिन का तापमान 30 डिग्री से नीचे नहीं आया। करीब 16 साल पहले नवंबर 2008 में दिन का तापमान पहले पखवाड़े में ऐसा ही रहा था। इस बार भी यही स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला बताते हैं कि नवंबर 2008 में 5 तारीख को ही दिन का तापमान 34.3 डिग्री पहुंचा था। इस बार नवंबर के पहले ही दिन तापमान 34.5 डिग्री हो गया था। इधर, रविवार को दिन का तापमान 0.5 डिग्री गिरकर 30.5 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान लगातार दूसरे दिन 15.2 डिग्री दर्ज किया गया। धुंध छाने से तापमान नहीं बढ़ पाया।

मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस बार विंड पैटर्न सही तरीके से सेट नहीं हो पाया है। यानी उत्तर से ठंडी हवा के लगातार आने का सिलसिला पूरी तरह शुरू नहीं हुआ है। दूसरा ऐसा कोई सिस्टम नहीं है जो मौसम पर असर डाल सके।



## दूसरे दिन फिर दिखा जरख, कनघट्टी के बाद नैनोरा क्षेत्र के किसानों में दहशत

**पिपलियामंडी, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** तीसरे दिन सोमवार को भी गांव नेनोरा क्षेत्र में खेत में जरख देखा गया। किसानों में दहशत है, तीन दिन पूर्व यह जरख कनघट्टी क्षेत्र में देखा गया था, किसानों की शिकायत पर वन विभाग टीम पकड़ने के पहुंची थी, लेकिन यह हाथ नही आया था। इसके बाद यह जरख नेनोरा क्षेत्र में सोनी मार में पहुंच गया। जरख की चहल कदमी से खेत पर जाने वाले किसानों में दहशत है। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व जंगली जानवर जरख के कनघट्टी क्षेत्र में दिखने के बाद किसानों ने वन विभाग को सूचना दी थी, टीम भी इसे पकड़ने के लिए पहुंची थी, लेकिन यह हाथ नही आया। इसके बाद जरख नेनोरा गांव में सोनी मार क्षेत्र में देखा गया, अनुमान लगाया जा रहा है कि यह वही जरख है जो भटकता हुआ नेनोरा क्षेत्र तक पहुंच गया। नेनोरा सरपंच शिवपालसिंह शक्तावत ने जरख को पकड़ने के लिए वन विभाग को सूचना दी है। शक्तावत ने बताया कि वन विभाग के अधिकारी का कहा है कि जानवर से डरने की जरुरत नही है यह कुछ नही करते है। अधिकारी ने कहा कि वे टीम के साथ कल जरख को पकड़ने के लिए पहुंचेंगे।

### शराब दुकान के पास मिला अधेड़ का शव

**शामगढ़, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड पर स्थित शराब की दुकान के समीप एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान नारायण सिंह पिता मांगीलाल जाति सोंधिया राजपूत निवासी परासली तालाब के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलने पर हंड्रेड डायल टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को सरकारी अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया गया। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले में पुलिस जांच जारी है।

श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला आज से...

## दुकानें बनाने में जुटे व्यवसायी, झूले-चकरी वाले भी कर रहे है रंग रोगन

### यातायात व्यवस्था में बदलाव होगा बदलाव, यातायात पुलिस की तैयारी





**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ महादेव पाटोत्सव मेले का औपचारिक शुभारंभ आज मंगलवार को हो जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा तक मेला पूरी तरह जम जाएगा। ऐसे कयास लगाए जा रहे है। इधर नगर पालिका द्वारा मेले को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। दुकानों का आवंटन होने के बाद अब व्यापारी खुद अपनी दुकानें तैयार करने में लग गए हैं तो वही झूले चकरी वाले अपने झुले चकरी पर नया कलर कर है। इधर मेले में व्यापारियों को विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत लाइन डालने का कार्य भी बिजली विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इस बीच किसी शरारती तत्व द्वारा मेले में ठेले पर व्यवसाय करने आए छोटे व्यवसायियो के ठेले बीती रात्रि में धकेलते हुए नाले में फैंक दिए गए। जिससे गरीब व्यवसायियो में आक्रोश देखा गया। इधर यातायात पुलिस ने भी मेला क्षेत्र को नो व्हीकल झोन बनाने का निर्णय लिया है।

### यह रहेगी यातायात व्यवस्था...

श्री पशुपतिनाथ मेले को लेकर यातायात पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था को देखते हुए तैयारी की है। व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुलिस ने बताया कि 12 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे कार्तिक मेला के दौरान पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था प्रभावी रहेगी। नाका नंबर 10 प्रतापगढ़ चौराहा बाईपास से वीर सावरकर पुलिया कोर्ट की घाटी अंबेडकर चौराहा तक बस तथा बड़े वाहन प्रात: 7:00 से रात्रि 1:00 तक प्रतिबंधित रहेंगे। पशुपतिनाथ मंदिर बड़ी तथा छोटी पुलिया से सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, खिलचीपुरा, चंद्रपुरा तथा नालछा गांव के निवासी कृपया जगतपुरा सर्किट हाउस अथवा हाईवे बाईपास से शहर की तरफ आना जाना करें। संपूर्ण मेला क्षेत्र तथा श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर नो व्हीकल जोन रहेगा। चंद्रपुरा क्षेत्र के निवासी पशुपतिनाथ विश्रामगृह की ओर से आधार कार्ड अथवा अन्य कोई भी पहचान पत्र दिखाकर आवागमन कर सकेंगे लेकिन मेला परिसर में वाहन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

पशुपतिनाथ विश्रामगृह के पास स्थित बड़ा मैदान चार पहिया तथा दो पहिया वाहनों के लिए मुख्य पार्किंग स्थल रहेगा। संपूर्ण शहर अथवा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों से अनुरोध है कि मुख्यत: इसी पार्किंग का उपयोग किया जावे। भावसार धर्मशाला के पास मैदान तथा छोटी पुलिया के पास स्थित खाली स्थान पर मंदसौर बाजार क्षेत्र से आने वाले दो पहिया वाहनों को पार्क किया जा सकता है। चार पहिया वाहन पशुपतिनाथ विश्रामगृह के पास बड़े मैदान पर पार्क करें। द्वारकाधीश मंदिर के पास स्थित खाली भूमि पर दो पहिया अथवा चार पहिया वाहन पार्क किए जा सकते हैं।

## प्रदेश की सड़कों पर जल्द दौड़ेगी नई डायल-100

### डीपीआर की मिली स्वीकृति, कैबिनेट की अनुमति का इंतजार

**भोपाल, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में जनता को पुलिस सहायता उपलब्ध कराने वाले डायल-100 वाहनों के संचालन के लिए नई एजेंसी के चयन की एक बाधा दूर हो गई है। इसके लिए बनाए गए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली परियोजना मूल्यांकन समिति से स्वीकृति मिल गई है। अब यह प्रस्ताव इसी माह कैबिनेट में लाने की तैयारी है। यहां से स्वीकृति मिली तो दिसंबर में निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। इसमें कोई बाधा नहीं आई तो मार्च-अप्रैल 2025 तक नई कंपनी के हाथ में संचालन की जिम्मेदारी आ जाएगी। इसके साथ ही इस सेवा में कई बड़ी सुविधाएं भी मिलेंगी जो अभी नहीं हैं।



अभी प्रदेश में डायल-100 के एक हजार वाहन चल रहे हैं। नई कंपनी के आने पर पहले 1200 और इसके बाद चरणबद्ध तरीके से दो हजार वाहन किए जाएंगे। बता दें, वर्तमान संचालन कंपनी का कार्यकाल पांच वर्ष था जो वर्ष 2020 में ही पूरा हो गया है। नई कंपनी का चयन नहीं हो पाने के कारण बीते चार वर्ष से पुरानी कंपनी को सेवा विस्तार दिया जा रहा है। वाहन पुराने होने के कारण बार-बार खराब हो रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचने में भी समय लग रहा है।

### नई कंपनी आने पर यह सुविधाएं बढ़ेंगी...

वाहनों में सीसीटीवी कैमरे और तैनात पुलिसकर्मियों को बाडीवार्न कैमरे दिए जाएंगे, जिससे घटनास्थल की रिकार्डिंग हो सके।

जीपीएस के माध्यम से फोन करने वाले की सही लोकेशन ली जाएगी। इसके लिए निजी मेप प्रोवाइडर की मदद ली जाएगी। काल सेंटर में फोन उठाने वालों की संख्या 80 से बढ़ाकर 100 की जाएगी।

## स्वच्छता को लेकर विद्यार्थियों का प्रदर्शन

### प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के पीजी कॉलेज में छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सोमवार को पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज के एबीवीपी के छात्रों ने कॉलेज में साफ सफाई को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है।**

विद्यार्थियो का कहना है कि कॉलेज परिसर से लेकर शौचालय तक मे गंदगी व्याप्त है। जहां रोजाना कॉलेज में साफ सफाई होना चाहिए वहां केवल किसी आयोजन में ही साफ सफाई होती है। वहीं कक्षाएं भी समय पर नहीं लगती हैं।

पीजी कॉलेज परिसर उपाध्यक्ष अमित गुप्ता व छात्र अंकित शर्मा का कहना है कि रोजाना की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है। जैसे साफ सफाई नहीं हो रही, पार्किंग व्यवस्था ठीक नही है, शौचालय में गंदगी व्याप्त है, कक्षाएं समय पर नहीं लग रही हैं, इससे पहले भी इन समस्याओं को लेकर हम ज्ञापन दे चुके हैं। इस बार सुनवाई नहीं होती है तो हम उग्र प्रदर्शन करेंगे। बड़ी बात यह है कि कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ वीपी तिवारी भी मानते हैं कि छात्रों की यह न्यायोचित मांगे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए उच्च अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण कराएंगे।

## महाकुंभ में जाएंगे, तो प्रयागराज में एंट्री पर नहीं लगेगा कोई टैक्स, 07 टोल प्लाजा होंगे फ्री

**प्रयागराज, 11 नवंबर। अगले साल जनवरी में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होना है। एक अनुमान के मुताबिक, देश-दुनिया से 40 करोड़ से अधिक लोग इस दौरान प्रयागराज पहुंचेंगे। अच्छी खबर यह है कि प्रयागराज में प्रवेश करते समय किसी यात्री को टोल नहीं देना होगा। सरकार ने प्रयागराज की सीमा में प्रवेश करते समय आने वाले सभी 7 टोल को महाकुंभ के दौरान फ्री करने का फैसला किया है।**

### यह 07 टोल डेढ़ महीने तक रहेंगे फ्री...

चित्रकूट मार्ग पर उमापुर टोल प्लाजा, रीवा राजमार्ग पर गन्ने टोल प्लाजा, मिर्जापुर मार्ग पर मुंगारी टोल प्लाजा, वाराणसी मार्ग पर हंडिया टोल प्लाजा, लखनऊ राजमार्ग पर अंधियारी टोल प्लाजा, अयोध्या राजमार्ग पर मऊ टोल प्लाजा, आइमा टोल प्लाजा। बता दें कि कुंभ की तैयारी और विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए प्रयागराज आए एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव से बीते दिनों मेला प्रशासन और जिला प्रशासन ने मुलाकात की थी। इसी दौरान यात्रियों के लिए टोल फ्री करने की मांग भी उठी थी।

### रेलवे चलाएगा 1200 ट्रेनें, सड़कों पर दौड़ेगी 7000 बसें...

महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक यात्रियों के आने का अनुमान लगाया गया है। इसी हिसाब से तैयारियों को भी अंजाम दिया जा रहा है। सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जहां जरूरी है, वहां ट्रेनों के नए ठहराव स्थल बनाए जा रहे हैं। महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 1200 अतिरिक्त गाड़ियां चलाने का फैसला किया है। सड़क मार्ग पर यात्रियों का आवागमन सुलभ करने के लिए 7000 बसों को उतारा जा रहा है।

### कुंभ पर्व 2025 पर्व स्नान तिथियां...

14 जनवरी 2025 - मकर संक्रांति
29 जनवरी 2025 - मौनी अमावस्या
3 फरवरी 2025 - बसंत पंचमी
12 फरवरी 2025 - माघी पूर्णिमा
26 फरवरी 2025 - महाशिवरात्रि

### यह रहेगी व्यवस्था...

किसी भी यात्री वाहन से टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। हालांकि कमर्शियल वाहनों से टोल वसूला जाएगा, जिन पर माल लदा होगा। जैसे सरिया, सीमेंट, बालू और इलेक्ट्रॉनिक सामान लदे वाहनों से टोल टैक्स की वसूली जारी रहेगी। यदि किसी जीप, कार का कमर्शियल उपयोग हो रहा है, तो भी टोल वसूला जाएगा।



### 12 साल में ही क्यों होता है महाकुंभ का आयोजन...

सनातन धर्म में महाकुंभ का विशेष महत्व है। इसकी कहानी समुद्र मंथन से जुड़ी है। अमृत कलश के लिए देवताओं और राक्षसों के बीच छीना-झपटी हुई थी और अमृत की कुछ बूंदें धरती की चार जगहों पर गिरी थी। ये स्थान थे- प्रयागराज, हरिद्वार, अवंतिका (उज्जैन) और नासिक में गिरी। इन्हीं स्थानों पर महाकुंभ का आयोजन होता है। राक्षसों और देवताओं के बीच समुद्र मंथन 12 साल तक चला था। यही कारण है कि हर 12 साल में कुंभ का आयोजन होता है।

# द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर पर हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर मन्दसौर पर महिला भक्त मित्र मंडल के द्वारा महाआरती कर अन्नकुट दीपावली मिलन समारोह का पांचवी बार हजारो भक्तो की तादात में सम्पन्न हुवा। मंदिर पर अभिजीत मुहूर्त में महादेव का अभिषेक पंडित श्री सत्यनारायण शर्मा अमलावद ने मुख्य यजमान ओमप्रकाश मिश्रा ने सपत्नीक मंदिर समिति के सलाहकार संयोजक श्रीमती अरुणा मिश्रा मेडम के द्वारा कराया गया। श्री राहुल चौधरी व मंदिर पुजारी सहायक श्री मति कृष्णा व्यास ने बाबा का अदभुत नयनाभिराम आकर्षक श्रंगार कर दर्शनार्थियों के लिए मन मोहक बनाया उसके बाद शाम 7.30 बजे मंदिर पुजारी श्री विनोद व्यास ने महाआरती हज़ारों भक्त लोगो की उपस्थिति में क़ी गयी। आरती में भेरूचोक अमलावद की 15 सदस्यो ने ढोल नगाडे ताशे की एक लय में रोचक ढंग से प्रस्तुति दी जिसे आरती में चार चांद लगा दिए जिसको देखकर आरती में उपस्थित सभी भक्तो ने प्रस्तुती की सराहना कर अगले उत्सव में भी टीम के वरिष्ठ कर्ता श्री भेरूलाल प्रजापत, अखिलेश शर्मा, हरीश जोशी, सत्यनारायण शर्मा, रमेश सोनी से आने का आग्रह किया।

आरती में क्षेत्रीय विधायक ,विपिन जैन ने भी अपनी उपस्थिति देकर कतारबद्ध भक्तो को प्रशादी का लंबे समय तक वितरण कर सहयोग दिया एवम शानदार उत्सव व व्यवस्था से प्रभावित होकर मंदिर के पूरे परिसर की बाउंड्रीवाल बनाने की जवाबदारी ली गयी। आरती में हिन्दू धार्मिक उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी आरके चास्टा, अशोक पालीवाल, आमोद बिहारी सक्सेना, सुरेश जोशी उपस्थित थे महाप्रशादी वितरण में पुरुष व महिलाओं कार्यकर्ताओ ने अपनी अछी सेवा दी शानदार व व्यवस्थित ढंग से भक्तो ने ससम्मान प्रसादी प्राप्त कर वही परिसर में रखी टेबलों पर प्रसाद पावन कर आनन्द उठाया कर्यक्रम की सभी ने सराहना कर समिति सदस्यों को धन्यवाद दिया। दीपावली मिलन व अन्नकुट प्रशादी में आने वाले प्रति भक्त को चार पूड़ी सब्जी व नुकती प्रशाद में शांति पूर्ण कतारबद्ध लाइन से वितरण की गई जिसको हजारो भक्तो ने प्रशादी ग्रहण की एवम पुरषों में प्रसादी वितरण में दिनेश विश्वकर्मा, मनोज माहेश्वरी,विनोद बोराना, मनीष शर्मा,अर्जुन परमार, रवि जायसवाल अरुण सोनी, अक्षय सूर्यवंशी विनोद जाट नरेन्द्रसिंह तोमर विनोद लोहार,निखिल जैन,भरत रजक,विक्रम दुगड़ दक्षय दुगड एच आर रौंदवाल नेअपनी सेवा दी एवम अन्य व्यवस्था में ओपी मिश्रा, श्याम मंगलम, अशोक शर्मा, राजेन्द्र सेठिया, जगदीश कोढावत प्रेम चंद देवड़ा, राजुसेन, राजेन्द्र सोनी, किशोर सेन, दीपक पोरवाल, मनोज चंद्रावत, भानु बन्ना, राम बघेल, संजीव त्रिवेदी चेनराम जोशी ने सेवा दी प्रशादी ग्रहण में स्नेह नगर नारायण नगर पंचवटी इंद्रा कालीनों सूर्यांश विहार जिनेन्द्र बिहार गोल्डनसिटी मोहनश्री अभिनंदन कालोनी राम टेकरी लेबर कालोनी के निवासियों ने बडी तादात में प्रशादी का लाभ उठाकर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम का कवरेज भी बीटीवी के दीपक भावसार केबल इंचार्ज ने किया सभी ने कार्यक्रम की सराहना की गई। समिति के अध्यक्ष नीलम शर्मा, उपाध्यक्ष लता लोहार, ज्योति भिरमा, सचिव राखी त्रिवेदी, सहसचिव उषा शर्मा, कोषाध्यक्ष भावना शर्मा कार्यकारिणी के सदस्य पुष्पा शर्मा, रानी शर्मारिखा सोनी, किरण शर्मागायत्री माहेश्वरी अनुसिया टेलर गिरजा पाटीदार, ज्योति भाटी, आशा शर्मा पूर्व अध्क्षय व सलाहकार सयोंजक अरुणा मिश्रा पूर्व कोषाध्यक्ष कमला शर्मासदस्य एवम भक्त अलका शर्मा मंगला जोशी अनिता शर्मा तारा व्यास फकीरी बाई प्रिया रजक,रूबी शुक्ला सम्पत प्रजापत श्री मिनरल वाटर संचालक मनीषा शर्मा व अन्य सक्रिय महिलाओ ने भाग लिया कार्यकर्म का संचालन एस एल शर्मा ने किया व ओ पी मिश्रा ने सभी दानदाताओं प्रशादी ग्रहण करने आये भक्तो व आयोजन में सहयोग करने वाले दानदाताओ,हलवाई, टेंट , लाइटिंग श्रंगारकर्ताओ व ट्राफिक थाने से मिले सहयोग , भेरू चोक की टीम के द्वारा दी गयी प्रस्तुति के सभी अमलावद से आये टीम सदस्यो, प्रशादी बनाने व वितरण के कार्यकर्ताओ का आभार प्रकट किया।

## सदाचार ही भ्रष्टाचार का उपचार है-रातड़िया

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि सादगी से सदाचार आता है और सदाचार ही भ्रष्टाचार का उपचार है। विलासितापूर्ण जीवन की चाह और अन्य लोगो से होड मे अधिक अर्जन के लिए भ्रष्टचार मे लिप्तता होती है। यदि जीवन सादगीपूर्ण रहे तो भ्रष्टचार की आवश्यकता ही न रहे। आपने कहा कि आर्थिक बेईमानी, रिश्वतखोरी और अवैध धन अर्जन के अतिरिक्त टेक्स चोरी, मिलावट, वासना के प्रति रूझान, असंवेदनशीलता, छल, कपट और स्वार्थंधता भी भ्रष्टचार है। भ्रष्टचार के निषेध के लिए कठोर कानूनी प्रावधान है किन्तु केवल कानून से कोई विकृति समाप्त नही हो सकती है। नैतिक जागरण और मानव जीवन के सही लक्ष्य का बोध जरूरी है। आध्यात्मिक चेतना इसका कारगर उपाय है। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि प्रभु की माया लोक कल्याण के लिए होती है, जिसे अटूट आस्था है वह कभी भी इस माया से भ्रमित नही होता।



# हमें आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक स्वावलंबन की आवश्यकता

### स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में मनाई

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी की जन्म जयंती को पूरे देश में स्वदेशी स्वावलम्बन दिवस केरूप में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली स्थित कार्यालय पर आयोजित हुआ जिसको देश के 500 जिलों में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। जिसका सीधा प्रसारण मंदसौर में किया गया जिसमें स्वदेदीश जागरण मंच मंदसौर इकाई के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से देखकर राष्ट्र ऋषि श्री ठेंगडी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, मुख्य वक्ता के रूप मो वी. भागैय्या, (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) उपस्थित हुए। अध्यक्षता देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार के उपकुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने की। इसके अतिरिक्त डॉ भगवती प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान, श्री कश्मीरी लाल राष्ट्रीय संगठक, स्वदेशी जागरण मंच, श्री आर सुन्दरम ,राष्ट्रीय संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, श्री सतीश कुमार राष्ट्रीय सह संगठक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ भगवती प्रकाश शर्मा ने राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगडी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने कहा कि हमें आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक स्वावलंबन की आवश्यकता है। हमारी श्रेष्ठपरम्पराएं विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। हमें अपनी संस्कृति पर स्वाभिमान होना चाहिएयह देश ऋषि, कृषि का देश है। यहां सभी के कल्याण की कामना की जाती है।हमें अपने मूल को पहचान कर स्वावलंबी बनना है। देश के अलग-अलग स्थानों की अपनी विशेषता है। हमें स्थानीय उत्पादों को बढावा देना है। सरकार ने भी इस दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए हैं। स्वदेशी जागरण मंच ने इस क्षेत्र में बहुत काम किया है। हमें स्वदेशी आंदोलन को और तीव्र करना चाहिए। राष्ट्रीय संयोजक श्री आर सुन्दरम ने कहा कि हमारी अधिक जनसंख्या हमारे लिए बोझ नहीं बल्कि हमारे लिए एक ताकत है। स्वदेशी के अतिरिक्त हमारा दूसरा विचार है विकेंद्रीकरण। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वी भगैया ने दत्तोपंत ठेंगडी के जन्म दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ठेंगडी एक बहुआयामी व्यक्तित्व व अजातशत्रु थे। सबको साथ लेकर चलने का उनका व्यवहार रहा। अनेकों विरोधी विचार के लोग भी उनका पूरा सम्मान करते थे। स्वर्गीय जगजीवन राम ने दत्तोपंत के बारे मे कहा ठेंगडी के द्वारा कही बात की सत्यता को जाँचने की आवश्यकता नहीं है। सनातन का विचार बढ़ता गया, वामपंथी विचार मरता गया। ठेंगडी ने कहा था किस वजह से जागरण मंच किसी राजनीतिक दल का घटक नहीं हैंप् किसी भी सरकार के प्रति हमारा व्यवहार उनके व्यवहार के अनुसार होगा। ठेंगडी ने कहा था की श्रेष्ठ को कष्ट उठाना चाहिए ताकि अन्य को भी समृद्ध किया जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने इस दिन को बहुत पवित्र बताया। यह स्वदेशी और स्वावलंबन का विचार भारत के भविष्य को श्रेष्ठ बनाने में सक्षम होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां बिना किसी धार्मिक मान्यता के दया, करूणा, सद्भाव, सभी के कल्याण की कामना की जाती है। राष्ट्रीय संगठक श्री कश्मीरी लाल ने सभी वक्ताओं और श्रोताओं का धन्यवाद किया। हर घर स्वदेशी- हर युवा उद्यमी के उद्घोष को सारांश के रूप में प्रस्तुत किया। मंच संचालन स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय विचार विभाग प्रमुख डॉक्टर राजीव कुमार ने किया। मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच विभाग विस्तारक दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला सहसंयोजक दिलीप चौधरी, महेंद्र सिंह राजावत, जिला संपर्क प्रमुख हेमंत नामदेव, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, तहसील संपर्क प्रमुख देवेंद्र भारती, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, नगर प्रचार प्रमुख उदित जैन, राजेश चौहान, अंकित कोठारी रविंद्र सिंह जादौन, सतीश बैरागी, राजेश दवे, अशोक सोनी, किशन पांडे, कोचिंग के संचालक राजेश शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## शराब सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने शराब सहित आरोपियों को पकडा। नाहरगढ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ शक्करखेडी निवासी मीनाक्षी पति विजय को पकडा। वहीं मल्हारगढ पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए बोरखेड़ी इंदौर निवासी किशनसिंह पिता उमरावसिंह व काचरिया नौ निवासी भोपालसिंह पिता गोबरसिंह को पकडा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।



# पोरवाल यूवा हेल्पलाइन का प्रथम दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पोरवाल युवा हेल्पलाइन का प्रथम दीपावली मिलन समारोह पोरवाल छात्रावास मंदसौर में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश जी सेठिया एवं आशीष जी पोरवाल उपस्थित रहे अतिथियों ने मां सरस्वती एवं पोरवाल समाज के पित्र पुरुष राजा टोडरमल जी की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम का संचालन शुभम पोरवाल ने किया एवं आभार अंकित कामरिया ने माना कार्यक्रम में सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नागर ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नागर ब्राह्मण समाज मंदसौर क्षेत्र का दीपावली मिलन समारोह, अन्नकूट महोत्सव, भगवान हाटकेश्वर के अभिषेक पूजा अर्चना, आरती एवं भगवान की प्रसादी के सहभोज के साथ हाटकेश्वर मंदिर मंदसौर पर सामाजिक बन्धुओं की सपरिवार उपस्थिति में सम्पन्न हुआं भगवान का अभिषेक आचार्य श्री सूर्यप्रकाश शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया। अभिषेक के लाभार्थी श्री चन्द्रशेखर नागर, श्रीमती मिनल नागर एवं तनय नागर बडी होली मंदसौर बने। भगवान का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया।

इस अवसर पर समाज/न्यास से जुड़ी जानकारी सचिव सतीश नागर द्वार





रखी गई जिस पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सुझाव के साथ प्रस्ताव को सर्वानुमति से कार्यवाही हेतु पारित किया गया। नागर समाज/न्यास के अध्यक्ष श्री रमेशचन्द्र नागर, पूर्व अध्यक्ष श्री बाबूलाल नागर की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री ओमप्रकाश नागर पूर्व स्टेनों, जगदीश नागर, धीरेन्द्र नागर, बालकृष्ण दवे, हरिश दवे, प्रवीण मेहता, संजय नागर, गोविन्द प्रसाद नागर, प्रभाशंकर मेहता, कमलकुमार मेहता, सुरेश नागर, आशीष व्यास, विकास दवे, प्रतीक दवे, यश दवे, भरत नागर, प्रवीण मेहता, सतीश नागर शामगढ़, योगेन्द्र नागर अलावदाखेडी, डॉ. राजेन्द्र नागर, सुनील मेहता, मोहित मेहता, विनोद नागर, विवेक नागर, संतोष नागर, निर्मल रावल, राधेश्याम नागर, दिनेश नागर, प्रवीण मेहता, पंकज नागर, जितेन्द्र नागर हिंगोरिया बडा, पं. मुकेश नागर, विष्णु नागर, सुनील नागर, महेश नागर, हरिओम नागर, अमन नागर, चन्दू नागर, गर्वित, अंकित मातृशक्ति से श्रीमती भगवतीदेवी नागर, श्रीमती मुक्ति मेहता, श्रीमती प्रतिभा नागर, श्रीमती कला बेन, श्रीमती कुसुम दवे, श्रीमती यशिता दवे, श्रीमती अर्चना दवे, श्रीमती निर्मला नागर, श्रीमती अलका नागर, श्रीमती वंदना दवे, श्रीमती राधा नागर, श्रीमती उषा नागर, श्रीमती रेखा नागर, श्रीमती आशा नागर, श्रीमती खुश्बु नागर, श्रीमती कविता नागर, श्रीमती प्रीति मेहता, श्रीमती रेखा नागर, श्रीमती विनिता मेहता, सेजल नागर, श्रीमती वीणा मेहता, श्रीमती अनिता नागर, श्रीमती दीपिका मेहता, श्रीमती सुमन नागर, कु. शेफाली एवं कु. सराली श्रीमती अमृता दवे, श्रीमती कृष्णा मेहता, श्रीमती विशाखा दवे, श्रीमती कुसुम नागर बांसवाड़ा, श्रीमती मंजूलता नागर, श्रीमती विमला नागर, श्रीमती कल्पना व्यास, श्रीमती सुशीला नागर, श्रीमती रमा नागर, श्रीमती जया नागर, कु. विधि, रूचिता नागर, प्रांजल, श्रीमती आशा नागर झीरकन आदि अनेक सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अंत में आभार श्री धीरेन्द्र नागर एवं गोविन्द प्रसाद नागर ने माना। ये जानकारी सतीश नागर द्वारा दी गई।

# विराज सलोद का राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबाल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 68वी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मंदसौर बास्केटबाल संघ के खिलाडी विराज सलोद का चयन हुआ है। विराज सलोद मंदसौर बास्केटबाल संघ के नियमित खिलाड़ी है जिनका चयन गुना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश की टीम में हुवा है। यह प्रतियोगिता 18 से 22 नवम्बर तक राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित होगी जिसमें मध्यप्रदेश टीम के मैनेजर के दायित्व पर श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया को भी मध्यप्रदेश टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया मध्यप्रदेश टीम के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोच की भूमिका निभा चुके है। जिनके नेतृत्व में टीम ने गुना में आयोजित प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर पूरे उज्जैन संभाग के नाम रोशन किया था।

मंदसौर बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसोदिया, सचिव श्री जाकिर हुसैन, श्री अनिल धाकड, डॉ सुरेश पमनानी, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी, श्री विजेंद्र देवडा जिला खेल अधिकारी (खे.यु.कल्याण विभाग), श्रीमती रुबीना खान बास्केटबाल कोच (खे.यु.कल्याण विभाग) श्री महेंद्र शुक्ला खेल प्रशिक्षक उत्कृष्टविद्यालय मन्दसौर, श्री बंशी राठौर सांसद प्रतिनिधि (खे.यु.कल्याण विभाग), श्री गौरव अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि, रूपेश सोलंकी (पत्रकार), संतोष परसाई, मनोज जैन, महेश सोलंकी, राहुल सैनी, गौतम जाधव, पवन राठौर, अंशीत मारू, आनंद सूरा, निर्मल सिंह, लवनेश चंदेल, अमित मेहता, अबरेज खान, जयविजय सिंह सिसोदिया, लवनेश चन्देल विशाल दुबेला, अक्षत भार्गव, मोहित खिंची, अक्षय यादव, गौरव मराठा, नीतिराज सिंह, पंकज सतिदासानी, लकी मराठा, गरिमा नागदा, हेमलता कुमावत, लवी चंदेल, दीपांशु ग्वाला, अनिल धनगर, देव्यांशु खेरालिया, विनायक भाटी,



नितिन देवनानी, देवेंद्र बैरागी, अज़हर खान, अभिषेक सेठिया, आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। यह जानकारी जिला बास्केटबाल संघ सहसचिव अंकुर त्रिपाठी ने प्रदान की।

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर का दीपावली मिलन समारोह दलौदा कृष्णा पैलेस में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले भर से करीब 350 सैनिक परिवार ने हिस्सा लेकर दीपावली पर्व की खुशियां मनाई। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक दिखे ड्रेस कोड व संगठन की टोपी पहनकर शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता व सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। दलौदा तहसील इकाई द्वारा सभी का ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहीद गोवर्धनसिंह सिसोदिया के परिवार एवं वीरांगना आशा जी, यातायात थाना प्रभारी मंदसौर पूर्व सैनिक शैलेंद्र सिंह चौहान, संगठन मार्गदर्शन एस.के. त्रिपाठी, एस.आर. जांगिड, शंभूगिरी गोस्वामी रहे। स्वागत भाषण जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र खटवड़ ने दिया। संचालन दलौदा तहसील प्रभारी संतोष राव व पूर्व सैनिक टी आर कुमावत की बेटी नेहा, जया कुमावत ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी पूर्व सैनिक, सैनिक और मातृशक्तियों को सादर प्रणाम करते हुए बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। मल्हारगढ तहसील प्रभारी ऋषिराज



गुर्जर ने पेंशन संबंधी स्पर्श, ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट की जानकारी सभी पूर्व सैनिकों को दी। संगठन मार्गदर्शक एसके त्रिपाठी संगठन का गीत गाते हुए सभी को दीपावली मिलन समारोह के सफल आयोजन की बधाई प्रेषित करी।

संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने बताया कि यह कार्य किसी एक व्यक्ति से नहीं आप सभी की मेहनत और उपस्थिति से संभव हो पाया है इसी प्रकार आप मिलजुल कर रहे हैं एक दूसरे को जाने अपने संगठन की शक्ति को और बढ़ाएं। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा अलग अलग कपल्स को जोड़ी के साथ भोजन के लिए आमंत्रित करने के लिए ढोल नगाड़ों से स्वागत करते हुवे भोजन स्थल तक ले जाया गया। सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी सी.पी.सिंह ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के हितों की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजन से पूर्व सैनिकों को अपने हितों की जानकारी मिलती है इस वर्ष मंदसौर में पूर्व सैनिकों के सबसे ज्यादा सीईए के फॉर्म भरे गए। कार्यक्रम में मातृशक्तियों एवं बच्चों के खेलकूद भी करवाए गए जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया, यह कार्यक्रम दलौदा इकाई के सभी सदस्यों ने मिलकर किया है एवं सभी तहसील के प्रभारियों का विशेष सहयोग रहा इसके लिए जिला अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक द्वारा इस कार्य की सराहना की साथ ही पूरी टीमें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कि कार्यक्रम का आभार पूर्व सैनिक टीआर कुमावत और मंगल सिंह राठौड़ ने माना।

# चाणक्य से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक राष्ट्र व सनातन की रक्षा हेतु ब्राह्मणों का विशेष योगदान रहा है-पंचारिया

### शिवना नदी तट पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रजी की काष्ठ विग्रह वाले प्राचीन जगदीश मंदिर पर दीपावली मिलन व सम्मान समारोह सम्पन्न, पं. दिलीपकुमार दुबे सर्व सम्मति से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन हेतु ब्राह्मण समाज प्रारम्भ से ही समर्पित रहा है। चाणक्य से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा हेतु ब्राह्मण समाज सदैव आगे रहा है। मन्दसौर नगर में भी पंडित मस्तरामजी व श्री प्रत्यक्षानंद जी महाराज आदि ऐसे अनेक नामों को भुलाया नहीं जा सकता है। वर्तमान में भी मन्दसौर निर्माण में ब्राह्मण समाज सभी समाजों के साथ मिलकर अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उक्त विचार ब्रह्म परिषद के संस्थापक गोपालकृष्ण पंचारिया ने व्यक्त किए। वे ब्रह्म परिषद द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर के सामने शिवना नदी तट पर कई वर्ष प्राचीन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा जी की काष्ठ की प्रतिमा वाले ऐतिहासिक श्री जगदीश मंदिर पर आयोजित 'दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह' में बोल रहे थे। पंडित शिवकरण प्रधान 'गुरुजी' ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि ब्राह्मण समाज ने अपने त्याग, तपस्या व समर्पण भाव के कारण ही अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है ऐसे में ब्राह्मण समाज संस्कृति की रक्षा के लिए



अपनी बुद्धि कौशल का उपयोग करे। अपने विचार रखते हुए इंजी. सुनील व्यास ने कहा कि राष्ट्र रहेगा तो ही समाज बचेगा। हम युवाओं में सद्विचारों का संप्रेषण करें। डॉ. क्षितिज पुरोहित ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी सनातन हिंदू संस्कृति आदि अनादि व प्रकृति आधारित है। ब्राह्मण समाज अपने ज्ञान का उपयोग सभी समाजों व जातियों को साथ लेकर नगर व राष्ट्र विकास में उपयोग करे। इस अवसर पर सभी ब्राह्मण समाजों के प्रमुख महानुभावों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से पंडित दिलीपकुमार दुबे को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

समारोह में पंडित शिवकरण प्रधान 'गुरुजी' सुरेशचंद्र शर्मा, इंजी. सुनील व्यास, गायत्रीप्रसाद शर्मा, मदन तिवारी, मुकेश शर्मा (आदि गौड), धीरेन्द्र त्रिवेदी, इंजी. प्रदीपकुमार शर्मा, लोकेश त्रिवेदी, ब्रजेश बिरथरे (सनाढ्य), गोपालकृष्ण शर्मा (मारु औदिच्य), डॉ. प्रवीणसिंह मंडलोई (राजपुरोहित), अरुण शर्मा, विष्णुप्रसाद आचार्य (सारस्वत), डॉ. क्षितिज पुरोहित, इंजी. दिलीप जोशी, दीपक ओझा (सिखवाल), प्रमोद पारीक, डॉ. घनश्याम बटवाल (पारीक), डॉ. देवेंद्र पुराणिक, रूपनारायण जोशी, नरेंद्र व्यास, सनत जोशी, सुनील पंचारिया (गुर्जर गौड), संजय त्रिवेदी, राजेन्द्र मोड, रजनीकांत शुक्ला, ओमप्रकाश मोड (मोड), श्रीकांत वाजपेई (कान्यकुब्ज), नानालाल शर्मा, कपिल शर्मा (अम्बा औदिच्य), डॉ. प्रभुदयाल पालीवाल, हरिनारायण शर्मा (गर्ग), दिलीपकुमार काले (महाराष्ट्रीयन), इंजी. गोविंद नागर, मुकेश नागर (नागर), पं. दिलीप दुबे, (चौबीसा), विनोदकुमार तिवारी (जिझौतिया), मनोज दुबे, संतोष परसाई, लक्ष्मीनारायण त्रिवेदी, आशुतोष उपाध्याय (औदुम्बर), सुनीलकुमार दुबे, वीरेंद्र भट्ट, रूपेंद्र पंड्या (श्रीगौड), राजेश शुक्ला (सरयूपारीय), निरंजन भारद्वाज (नागदा), चंद्रकांत शर्मा (शाकद्वीपीय), रामसेवक शर्मा (ऋषिश्वर) आदि सभी ब्राह्मण समाज के प्रमुखों ने भाग लिया।



# जिला पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता संघ का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता संघ का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न दिनांक 9 नवम्बर, शनिवार को दीपावली मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सभी वरिष्ठसाथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की पूजा कर दीप प्रज्वलित किया गया। सभी सदस्यों द्वारा दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। साथ ही कपल्स गेम बच्चों के गेम में सभी ने सहभागिता की। उसके बाद दीपावली मिलन समारोह की प्रसादी ग्रहण की गई। साथ ही ऋषभ इण्डस्ट्रीज (आनन्द कॉपी रतलाम) एवं फ्लेमर राईटिंग कम्प्पनी द्वारा उपहार प्रदान किये गये। मंदसौर के प्रसिद्ध भजन गायक राजा सोनी द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। मंच का संचालन संघ के सदस्य धीरेन्द्र कदम द्वारा किया गया एवं आभार संघ के अध्यक्ष राकेश मंत्री एवं सचिव वासुदेव सोमानी ने माना।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 753 | 2060 | 2405 |
| उडद | 93 | 5850 | 7236 |
| सोयाबीन | 8000 | 3301 | 4401 |
| गैहु | 2900 | 2640 | 3301 |
| चना | 242 | 5799 | 6451 |
| मसुर | 108 | 5500 | 6375 |
| धनिया | 375 | 5480 | 6800 |
| लहसुन | 12500 | 15000 | 34000 |
| मैथी | 656 | 5381 | 6300 |
| मुंगफली | 8500 | 3000 | 5350 |
| अलसी | 1740 | 5510 | 6181 |
| सरसो | 189 | 5700 | 6090 |
| तारामीरा | 3 | 4200 | 4354 |
| इसबगोल | 164 | 10000 | 13500 |
| प्याज | 10000 | 2000 | 4400 |
| कलोंजी | 17 | 12470 | 17470 |
| तुलसी बीज | 10 | 14150 | 19281 |
| डॉलर | 49 | 6500 | 12051 |
| तिल्ली | 36 | 10453 | 12599 |
| जौ | 5 | 2480 | 2550 |
| मटरसुखी | 5 | 2252 | 5401 |
| असालीया | 25 | 9300 | 12771 |
| चंवला | 1 | 3300 | 3300 |

## इको कार में लगी आग

**भानपुरा, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाना क्षेत्र के बाबुल्दा में रविवार रात सवा 9 बजे एक ईको कार में अचानक से आग लग गई। हादसे के बाद आग बुझाते वक्त एक शख्स भी झुलस गया। घायल को राजस्थान के झालावाड रेफर किया गया है।भानपुरा थाना टीआई आर. सी. डांगी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाबुल्दा गांव में मनोज नाम का व्यक्ति अपनी ईको कार लेकर मुकेश चौधरी की इलेक्ट्रिक दुकान पर केबल लेने आया था। उसने दुकान के सामने अपनी कार खडी की और दुकान में केबल लेने गया।

### रहवासियों की मदद से आग पर काबू पाया

इसी दौरान कार में अचानक से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। रिहायशी इलाके में खडी कार में लगी आग से आसपास के लोगों मे हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय रहवासियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।आग बुझाने के दौरान इलेक्ट्रिक दुकान संचालक मुकेश चौधरी झुलस गया जिसे उपचार के लिए राजस्थान के झालावाड ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## साक्षी वर्मा का राज्य स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता में चयन

**सीतामऊ, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** संभाग स्तरीय अंडर 17 नेटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर संपूर्ण तहसील से वैष्णव पब्लिक स्कूल तितरोद की छात्रा साक्षी



गणेश वर्मा का चयन राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में हुआ है छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी उक्त प्रतियोगिता भिण्ड मे 13/11/24 से 17/11/24 तक आयोजित होगी। छात्रा साक्षी वर्मा विगत वर्ष शहडोल मे आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता मे भी उत्कृष्टप्रदर्शन कर चुकी है छात्रा की इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री बंशीलालजी बारीवाल सीतामऊ तहसील खेल प्रभारी श्री नितेश मकवाना,सीतामऊविकास खंड के पी टी आई नरेंद्र सिसोदिया वैष्णव पब्लिक स्कूल तितरोद स्टाफ, मित्रो, स्नेही जनो ओर परिवार जनो ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आज

**नीमच, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक आज 12 नवम्बर 2024 को प्रात:10 बजे कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में नवीन सहकारी समितियों के गठन एवं क्रियाशील समितियों के विकास हेतु विस्तृत चर्चा की जावेगी। सहायक पंजीयक सहकारिता नीमच श्री राजू डाबर ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

# निर्देश: बिना बैग के बच्चे जाएंगे स्कूल

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्कूली बच्चों के लिए राहत भरी खबर सामने आ रही है। बच्चों को राहत देने के लिए सरकारी स्कूलों में बड़े बदलाव की तैयारी है। जानकारी के लिए बता दें कि अब महीने में एक दिन स्कूलों में बैग-लेस डे मनाया जाएगा।

कक्षा 6वीं से 8वीं तक के स्टूडेंट्स बिना कापी-किताब और बस्ते के स्कूल आएंगे और फिजिकल एक्टिविटी में हिस्सा लेंगे। इस दौरान स्कूल में सांस्कृतिक, साहित्यिक और व्यावहारिक गतिविधियां कराई जाएंगी। ताकि, उनका व्यक्तित्व विकास हो सके। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला शिक्षाधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने लिया निर्णय**–एमपी में बच्चों का समग्र विकास हो, इसके लिये बैगलेस-डे के दिन बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्णय स्कूल शिक्षा विभाग ने लिया है। इस दिन बच्चों को कई अन्य गतिविधियां क्रॉफ्ट, ड्राइंग, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौनों का निर्माण, मुखौटे, डॉल-मेकिंग और अनुपयोगी सामग्री से वस्तुओं का निर्माण शामिल है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में यह प्रावधान रखा गया है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे 21वीं सदी के कौशल से परिचित हो सकें, इसके लिये कक्षा-6 से 8 तक के स्कूल के बच्चों के लिये प्रत्येक माह में न्यूनतम एक शनिवार को बस्ते-विहीन दिवस का आयोजन हो। इन दिवसों में विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल की जानकारी दी जाये।

**भ्रमण कर सकेंगे छात्र**–नो बैग डे के दिन छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण के अलावा लघु उद्योग व्यवसाय जैसे मधुमक्खी-पालन, मुर्गी एवं मछली-पालन इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ बच्चों को स्थानीय बैंक, पुलिस थाना, अस्पताल और अनाज मण्डी का भ्रमण कराया जाएगा और बच्चों को हथकरघा, खिलौने निर्माण जैसी इकाइयों से परिचय कराया जाएगा।



## होटल हलवाई संघ मनासा का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**मनासा, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्वालिटी व शुद्धता के साथ साफ सफाई का भी रखें ध्यान होटल हलवाई संघ मनासा - विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू उक्त बात मनासा नगर में होटल हलवाई संघ मनासा के दीपावली मिलन समारोह में अतिथि के रुप में उपस्थित मनासा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू ने होटल हलवाई संघ मनासा के दीपावली मिलन समारोह में कहां की मंदिरों की नगरी मनासा नगर के रामदयाल के गुलाम जामुन, तोतला की पपड़ी, सत्तू काका के समोसे एवं कचोरी के कारण हमारे मनासा का नाम पुरे देश में रोशन हो रहा है आप सभी होटल व्यवसाय अपनी क्वालिटी के साथ और शुद्धता ऐसा ही बनाएं रखें और इसी के साथ साफ़ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें दीपावली मिलन समारोह नगर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में सायं 7 बजें संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के रुप में नगर परिषद मनासा के अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय जी तिवारी, रेडीमेड कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज जी पोरवाल, होटल हलवाई संघ मनासा के अध्यक्ष मनोज जी बिरला , होटल हलवाई संघ मनासा के संरक्षक अरविंद जी काबरा, सत्यनारायण जी तोतला मंचासीन थें कार्यक्रम का संचालन दिनेश राठौर ने किया और कार्यक्रम का आभार होटल हलवाई संघ मनासा के सचिव संदीप चौखंडा ने माना हैं।कार्यक्रम के दौरान पत्रकार बंधु एवं पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि भी उपस्थित है।

## पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत रोड़ पिपलियामंडी निवासी टीना ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि उसने चार महिने पूर्व मल्हारगढ़ स्टेशन मार्ग निवासी आदित्यसिंह पिता वीरेन्द्रसिंह गौड़ से लव मेरिज की थी। रात्रि में पति शराब पीकर आया और खाना खाने की कहा, मैंने बोला खाना खा लिया है तो पति ने गालियां दी मारपीट की, जिससे सिर, पैर, हाथ, पीठ, गर्दन पर चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी आदित्यसिंह पर केस दर्ज किया।

## भाई ने भाई को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। नाहरगढ़ थाने पर कोटड़ा बहादूर निवासी महेशनाथ पिता बालूनाथ महाराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फसल सिंचाई के लिए मोटर चालू करने की बारी को लेकर भाई लालूनाथ ने गाली-गलौज की व मारपीट की व पत्थर फेंके, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।



## बस स्टैंड पर कैंप लगाकर 70+ व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं-कलेक्टर

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत के साथ-साथ बस स्टैंड पर भी आयुष्मान कैंप लगाए तथा 70 प्लस व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड के लाभ से वंचित न रहे। सभी का आयुष्मान कार्ड बनाएं। जितने भी सीएससी सेंटर है सभी के बीएलई को सक्रिय करें। परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बसों में आयुष्मान कार्ड बनाने का क्यूआर कोड लगाए। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति क्यूआर कोड स्कैन करके अपना स्वयं का आयुष्मान कार्ड बना सके। धरती आभा जनजाति उत्कृष्ट अभियान 15 नवंबर से 26 नवंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत वंचित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। इसके लिए आदिम जाति कल्याण विभाग आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें। सोयाबीन खरीदी का कार्य सतत् रूप से चलता रहे। सोयाबीन खरीदी के पश्चात परिवहन का कार्य समय पर पूर्ण करें। समिति स्तर पर खरीदी के सभी सामान पर्याप्त मात्रा में रहे। खरीदी को लेकर किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## बायोडीजल पम्प को खाद्य विभाग ने किया सील

**नीमच, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन में सोमवार को गुरूकृपा फिलिंग स्टेशन ग्राम- जेतपुरा के पास, नीमच बायपास रोड़, स्थित पम्प संचालनकर्ता श्री अनीश पिता फकरूद्धीन निवासी ग्राम-राजपुराझंवर तहसील सिंगोली जिला नीमच की जांच, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.एन.दिवाकर एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री विजय निनामा द्वारा की गई हैं। जांच समय मौके पर डिलीवरी मशीन जिसमें दो नोजल कार्यशील होकर बायोडीजल विक्रय किया जाना एवं 10 हजार लीटर का भूमिगत टेंक पाया गया, जिसे राड़ द्वारा नापा जाकर लगभग 600 लीटर बायोडीजल टेंक में पाया गया। तथा मौके पर बायोडीजल पम्प संचालन एवं बायोडीजल संधारण, भण्डारण के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

मौके पर पम्प पर उपस्थित कर्मचारी श्री अनीश पिता फकरूद्धीन के कथन लिपिबद्ध किए गए हैं, जप्त बायोडीजल को उन्हीं की सुपुर्दगी में दिया जाकर, डिलीवरी मशीन के दो नोजल एवं भूमिगत टेंक का एक नोजल को कपड़े से सील कर प्रोपराईटर को निर्देशित किया गया, कि किसी भी तरह की छेड़छाड़ आदि नहीं करें और ना ही बिना अनुमति के बायोडीजल का क्रय, विक्रय नहीं किया जाए। उक्त कार्यवाही का विधिवत जप्ती, पंचनामा बनाया जाकर, जप्त माल फर्म के संचालक श्री अनीष पिता फकरूद्धीन के विरूद्ध मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय और वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश, 2005 की कण्डिकाओं का उल्लघंन किया जाकर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर न्यायालय के आगामी आदेश होने तक सुपुर्दगी में दिया गया हैं। यह जानकारी आपूर्ति अधिकारी श्री आर.एन.दिवाकर द्वारा दी गई।

## उपखण्ड मनासा में आज देवउठनी ग्यारस पर स्थानीय अवकाश घोषित

**नीमच/मनासा, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टरर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा उपखण्ड् मनासा में आज 12 नवम्बर 2024 को देवउठनी ग्यारस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश उपखण्ड मनासा में तहसील मनासा एवं रामपुरा में प्रभावशील रहेगा।



## पीआईयू विभाग डिजाइन अप्रूवल का कार्य तुरंत करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुधाखेड़ी माताजी प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पीआईयू विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर डिजाइन, वेदिका, गेट, बाउंड्री वॉल आदि अन्य तरह की डिजाइनों की अप्रूवल का कार्य तुरंत करें।

पीआईयू फिजिकल प्रगति, फाइनेंशियल प्रगति को चेक करें तथा आगामी कार्यवाही शुरू करें। शिखर निर्माण, मंडप निर्माण, मंदिर के बाहर बैठने की व्यवस्था, दरवाजे, सीढ़ियों की व्यवस्था इत्यादि का कार्य बेहतर डिजाइन के साथ-साथ समय पर पूर्ण करें। निर्माण एजेंसी के द्वारा अब तक मंदिर में 70% कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष काम जल्द पूर्ण करें। मंदिर निर्माण एजेंसी मंदिर में ड्रेनेज सिस्टम का कार्य भी साथ में पूर्ण करें। बैठक के दौरान गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, गरोठ एसडीएम श्री चंदर सिंह सोलंकी, प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**सिंगोली/मनासा, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में स्थित बिजासन माता मंदिर परिसर में 10 नवंबर रविवार को स्थानीय पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के वरिष्ठपत्रकारों का सम्मान किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए सिंगोली प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील नागोरी ने बताया कि पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह वैसे तो पारंपरिक है जो प्रतिवर्ष आयोजित होता रहा है। लेकिन विगत कोरोना काल के बाद इस तरह के आयोजन लगभग नगण्य हो गए थे। इस बार साथियों की



भावनाओं के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार सत्तार बाजी, कदवासा के जगदीश चौहान, धारडी के राधेश्याम सेन और झांतला के पारस जैन का शॉल ओढ़ाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठपत्रकारों ने अपने पत्रकारिता के अनुभव साझा करते हुए उपस्थित पत्रकारों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा पत्रकारिता सहज नहीं है पत्रकारिता जीवन में काफी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।पत्रकारिता सहज नहीं है। कार्यक्रम से पूर्व दिवंगत पत्रकार चंद्रकांत मेहता को दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। उन्होंने अपने अपने जीवन और पत्रकारिता के पुराने दौर को याद करते हुए आज की पत्रकारिता को सहज बताया और अपने साथ घटित हुई घटनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम में नगर सहित क्षेत्र अनेक पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शुभम चतुर्वेदी ने किया वआभार प्रेस क्लब उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा ने किया



## श्री धार्वे ने किया दीनदयाल रसोई का निरीक्षण

**नीमच, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार परियोजना अधिकारी एवं डिप्टीं कलेक्टीर श्री चन्द्रवसिंह धार्वे ने दीनदयाल रसोई योजना तहत बस स्टेण्ड नीमच पर संचालित रसोई केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्हो्ने दीनदयाल रसोई केन्द्र प्रबंधक को भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और स्वनच्छपता प्रभारी को भी केन्द्र पर प्रतिदिन साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी श्री धार्वे ने हितग्राहियों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर चर्चा भी की। भोजन बनाने वाले कर्मचारियों को सलाह दी, कि वे स्वच्छता के साथ गुणवत्तायुक्त भोजन बनाए।

## जिले के सभी प्राचार्य 30 नवंबर तक कोर्स पूरा करके रिवीजन प्रारंभ करवाए-कलेक्टर

### परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चालू शिक्षा सत्र 2024-25 का कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ बनाने के लिए के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई इस बैठक में जिला कलेक्टर अदिति गर्ग एवं राजेश जैन



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी प्राचार्यगण को कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम सभी विद्यालयों का शत प्रतिशत रहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने 30 नवंबर तक सभी विषयों का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। पाठ्यक्रम की समाप्ति के पश्चात इसकी पुनरावृति करने की बात भी कही गई जिन विद्यालयों का त्रैमासिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम कम रहा उनमें विशेष मॉनिटरिंग करने तथा मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से वहां कार्यरत विषय के शिक्षकों की ट्रेनिंग करने हेतु टेस्ट मॉड्यूल निर्माण करने के भी निर्देश दिए गए। इसी प्रकार से प्रति सप्ताह प्रत्येक चैप्टर का प्रत्येक विषय का विद्यालय स्तर पर टेस्ट आयोजित करने की रणनीति भी बताई गई। जो विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते, उनके पालकों से निरंतर संपर्क करने के लिए तथा उन्हें विद्यालय में लाने के लिए प्रयास करने के भी निर्देश दिए गए। प्राचार्यो द्वारा बैठक में विषय अनुसार शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के बारे में बताया गया इसके लिए जिला स्तर से कार्ययोजना बनाकर, शीघ्रता से विषय के अनुसार शिक्षक की व्यवस्था किए जाने का निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में श्रेष्ठपरीक्षा परिणाम देने वाले तथा कम परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यो कारणों की जानकारियां ली गई। अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम ठीक नहीं रहने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित अतिरिक्त कक्षाएं प्रारंभ करें तथा उन कक्षाओं में विद्यार्थियों की समस्याओ का निदान करने के निर्देश दिए गये। बैठक में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2024 के लिए कक्षा तीसरी, छठी और नवी के विद्यार्थियों को तैयारी करवाने तथा उसकी सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाभी, सहायक संचालक श्री आनंद डावर, सभी विषयों के मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहे।

## महिला को पीटा, 6 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट के मामले में सास-ससुर सहित छह के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। खंखराई निवासी अंजनाकुंवर देवड़ा ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पति गोविन्दसिंह का निधन हुए 13 वर्ष हो चुके है। उसके बाद भरण-पोषण के लिए मेरे पास 07 बीघा जमीन है। जिसे मैंने बोने के लिए दे रखी है। मेरे ससुर मोहनसिंह, सास पवनकुंवर व देवर नारायणसिंह तीनों ने बोला कि फसल बोला है तो 40 हजार रुपए साल के देना पड़ेंगे। तीनों गाली-गलौज की व सोकड़ी निवासी मुकेश बावरी व लालसिंह बावरी व राहुल बावरी केसाथ मुझे व मेरी देवरानी सोनूकुंवर के साथ गाली-गलौज की व घर में घुसकर लाठियों से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने सभी छह आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ नियमानुसार आम आदमी की मदद करें-चंद्रा

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा

**नीमच, 11 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ नियमानुसार आम आदमी की मदद का हर संभव प्रयास करें। आर.सी.एम.एस. में दर्ज नामांतरण, बंटवारा के प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत बढ़ाए और प्रयास करें, कि निराकरण का प्रतिशत एक माह में 95 प्रतिशत हो। लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत कोई भी प्रकरण समय-सीमा बाह्य न हो, इसका विशेष ध्यान रखे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीति संघवी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



बैठक में लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा बाह्य 71 प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सभी 71 प्रकरण आगामी सोमवार तक निराकृत करें। कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाह्य न रहे। कलेक्टर ने रास्ता विवाद के प्रकरणों का मौके पर जाकर, आपसी सहमति से निराकरण पर जावद तहसीलदार की सराहना करते हुए कहा, कि अन्य तहसीलदार भी रास्ता विवाद से संबंधित प्रकरणों का मौके पर जाकर आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाए।

**सीएम हेल्पलाईन में ए ग्रेड पर रहे राजस्व विभाग**–बैठक में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि शिकायतों के निराकरण में राजस्व अमले ने अभी तक अच्छा कार्य किया है। आगे भी प्रयास करें, कि राजस्व विभाग की रैंक में नीमच जिला टॉप 5 जिलों में शामिल हो। कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों को प्राथमिकता से संतुष्टि के साथ बंद करवाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को समाधान में शामिल पीएम सम्मान निधि, सीमांकन संबंधी शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्हो ने 50 दिवस से अधिक की हर एक शिकायत को स्वयं देखकर, उसका संतुष्टी के साथ निराकरण करवाने के निर्देश भी राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में खसरा ई-केवायसी, नक्शा तरमीम, आरसीएमएस में दर्ज नामांतरण, बंट्वारा, सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना के तहत ग्राउण्ड ट्रूथिंग कार्य प्रगति की भी तहसीलवार समीक्षा की गई और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।


**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

की प्रिंटिग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक –क्यूयूई/2024 मंदसौर, दिनांक 11.11.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जेडए 9283 जो कि इस कार्यालय मंदसौर में श्री मांगीलाल सुथार पिता श्री गेंदालाल निवासी जोगीखेड़ा, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 06.08.2023 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का पंजीयन अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती श्यामुबाई पति श्री मांगीलालजी सुथार ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक –क्यूयूई/2024 मंदसौर, दिनांक 11.11.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एनजी 5421 जो कि इस कार्यालय मंदसौर में श्री राजेश राठौर पिता श्री रामप्रसाद निवासी रावटी, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 15.10.2023 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का पंजीयन अपने नाम से करने हेतु इनके पिता श्री रामप्रसाद पिता श्री गंगारामजी राठौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in